# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड-243006

दूरभाषः— 9473942572, ई0—मेल eeupjnrural22@gmail.com


पत्रांक 1040 / M-8 / 115 दिनांक 8. 9. 2026


सेवा में

जिलाधिकारी महोदय
जनपद—बरेली।

विषय : **दैनिक ऑनलाइन समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनांक 07.09.2026 को प्रकाशित खबर — बरेली में जल जीवन मिशन की टंकी का जीना गिरा :1 मजदूर की मौत, दूसरा गंभीर, ग्रामीणों ने गुणवत्ता पर उठाए सवाल एवं पानी की टंकी की सीढ़ियां गिरीं, 2 मजदूरों की मौतः शेरगढ़ में जल जीवन मिशन के तहत बन रही थी टंकी, ग्रामीण बोले— घटिया सामग्री से हो रहा था निर्माण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

बरेली दैनिक ऑनलाइन समाचार पत्र दैनिक भास्कर बरेली, दिनांक 07.09.2026 के सन्दर्भ में वांछित आख्या निम्न प्रारूप पर प्रेषित है—

| क्र0 सं0 | विभाग का नाम | समाचार पत्र का नाम / प्रकाशन का दिनांक | समाचार में अंकित तथ्यों का संक्षिप्त विवरण | विभाग / जिला प्रशासन द्वारा किया गया निदान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) बरेली | दैनिक भास्कर दिनांक 07—09—2026<br><br>दैनिक भास्कर दिनांक 07—09—2026 | **बरेली में जल जीवन मिशन की टंकी का जीना गिरा :1 मजदूर की मौत, दूसरा गंभीर, ग्रामीणों ने गुणवत्ता पर उठाए सवाल**<br><br>**पानी की टंकी की सीढ़ियां गिरीं, 2 मजदूरों की मौतः शेरगढ़ में जल जीवन मिशन के तहत बन रही थी टंकी, ग्रामीण बोले— घटिया सामग्री से हो रहा था निर्माण**<br> | जनपद बरेली की विकास खण्ड शेरगढ की ग्राम बकेनिया बीरपुर पेयजल योजना के कार्य कार्यदायी संस्था मै0 एन0सी0सी0 लि0 बरली द्वारा कराये जा रहे है जिसके अन्तर्गत उक्त स्थल पर सीढ़ी (Staircase) में आंशिक रूप से मिस एलाइनमेंट था। उक्त का सुधार कार्य किया जाना प्रस्तावित था परन्तु फर्म के फोरमैन के द्वारा लेवर को कार्य दिखाने के लिए बुलाया गया था, उक्त स्टेयर केस निर्माणाधीन होने के कारण, उसमें नीचे शटरिंग लगी हुई थी एवं फोरमैन द्वारा गलती से अधूरी सीढ़ी के सहाय ढ़ाचे को हटा दिया गया जिसके परिणामस्वरूप सीढ़ी की एक फ्लाइट अचानक खिसक कर गिर गई इस दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल हो गए। घायल व्यक्तियों में श्री वरुण, जो उक्त OHT स्थल पर अपने रिश्तेदार से मिलने आए हुए थे, तथा श्री हीरा गिरी, जो OHT स्थल पर श्रमिक के रूप में कार्यरत थे, शामिल हैं।<br>घटना के तत्काल पश्चात साइट टीम द्वारा घायल श्री वरुण को उपचार हेतु बरेली स्थित अस्पताल ले जाया गया। परंतु अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अन्य घायल श्री हीरा गिरी को भी | |

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ॰प्र॰ जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड-243006

**दूरभाषः— 9473942572, ई0—मेल eeupjnrural22@gmailcom**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | आवश्यक चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई गई।<br><br>चूंकि मृतक, मै0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा लेबर के रूप में कार्यरत नहीं था, परन्तु उक्त घटना एन0सी0सी0 की साइट पर होने के कारण घटना के उपरांत OHT के श्रमिक दल एवं साइट टीम द्वारा मानवीय आधार पर मृतक के परिजनों को आवश्यक सहयोग एवं सहायता उपलब्ध कराई गई तथा परिवार के साथ आवश्यक समन्वय स्थापित करते हुए परिस्थितियों के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही की गई। | |

भवदीया

(आकांक्षा सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

प्रतिलिपि— सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता, (मु0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण, मुरादाबाद।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण, बरेली।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, बरेली।
5. जिला सूचना अधिकारी, बरेली।

अधिशासी अभियन्ता